(ख) उन राज्यों के नाम क्या हैं जहां उक्त योजना क्रियान्वित की जाएगी और इस संबंध में स्थानों के चयन का मापदंड क्या है ?

कृषि मन्त्रालय में राज्य मन्त्री (श्री अण्णासाहिब पी. शिंदे) : (क) केन्द्रीय संचालित योजना समग्र बारानी भूमि कृषि विकास के अन्तर्गत 24 मार्गदर्शी परियोजनाओं को कार्यान्वित करने के लिये चौथी पंचवर्षीय योजना में 20.00 करोड़ रुपये की व्यवस्था की गई है।

(ख) यह योजना आन्ध्र प्रदेश, बिहार, गुजरात, हरियाणा, जम्मू व कश्मीर, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, मेसूर, उड़ीसा, राजस्थान, तमिल नाडु और उत्तर प्रदेश के राज्यों में कार्यान्वित की जायेगी। परियोजना क्षेत्र के चुनाव के लिए क्षेत्र का भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के बारानी खेती के अनुसंधान केन्द्र के पास होना आवश्यक है। तथापि, जिले के अन्तर्गत परियोजना क्षेत्र का वास्तविक चुनाव सम्बन्धित राज्य सरकार द्वारा किया जाता है।

Committee on Rural Works Programme in Tripura

3088. SHRI BIREN DUTTA : Will the Minister of AGRICULTURE be pleased to state :

(a) whether any Committee has been constituted in Tripura for Rural Works Programme for chronically drought affected areas; and

(b) if so, the personnel of this Committee ?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF AGRICULTURE (SHRI SHER SINGH) : (a) No, Sir.

(b) Does not arise.

उत्तर प्रदेश में पंचायत सचिवों की कृषि मंत्री से भेंट

3089. **श्री चन्द्रिका प्रसाद** : क्या कृषि मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या उत्तर प्रदेश के समस्त जिलों के पंचायत सचिवों के एक प्रतिनिधि मंडल ने उनसे हाल ही में भेंट की थी;

(ख) यदि हां, तो उनकी समस्याएं क्या हैं; और

(ग) इस बारे में सरकार की क्या प्रतिक्रिया है ?

कृषि मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री शेर सिंह) : (क) 4 जून, 1971 के अपराह्न को एक शिष्ट मण्डल मंत्री महोदय से मिला और उत्तर प्रदेश पंचायत सचिव संघ, लखनऊ के नाम से एक ज्ञापन पेश किया।

(ख) ज्ञापन में ये मांगे दी गई हैं :—

(1) पंचायत सचिवों को सरकारी कर्मचारी घोषित किया जाए।

(2) उनका वेतन-मान 120-220 रु. होना चाहिए।

(3) सहायक विकास अधिकारी (पंचायत) के पद योग्यताओं तथा वरिष्ठता के आधार पर पंचायत सचिवों को ही पदोन्नत करके भरे जाएं।

(4) जिन पंचायत सचिवों की 22 वर्ष की सेवा है उन्हें स्थायी किया जाए।